<u>सीएसआईआर वेबसाईट के माध्यम से</u>

**वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद अनुसंधान भवन,**
**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली - 110001**

**सं0. 16-1(50)/2022-सीसीओ एसीआर** **दिनांक: 24.08.2023**

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : संख्यात्मक ग्रेडिंग के साथ पीएआर (PAR) भरने के संबंध में दिशानिर्देश।**

1. सीएसआईआर के समसंख्यक पत्रांक दिनांक 16.08.2022 एवं 20.03.2023 के माध्यम से गैर-तकनीकी संवर्ग के लिए SPARROW system के अतंर्गत पीएआर (PAR) भरने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश और प्रारूप को अधिसूचित किया गया था। नए पीएआर (PAR) प्रारूप में रिपोर्ट किए गए अधिकारी की कार्यात्मक क्षमता, गुणवत्ता, आवंटित कार्य की उपलब्धि के संदर्भ में संख्यात्मक ग्रेडिंग प्रदान करने का प्रावधान है। रिपोर्टिंग, समीक्षा और स्वीकार करने वाले प्राधिकारी द्वारा 1-10 के पैमाने पर अंक दिए जाने हैं।

2. सीएसआईआर मुख्यालय को संख्यात्मक अंकों को ग्रेडिंग (उत्कृष्ट, बहुत अच्छा, अच्छा और औसत) में बदलने के संबंध में प्रश्न प्राप्त हो रहे हैं। इस मुद्दे पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा विचार किया गया है और डीओपीटी के दिनांक 23.07.2009 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 2/011/1/2005-स्था (ए) (भाग II) को ध्यान में रखते हुए, जो अन्य बातों के साथ पीएआर (PAR) की अंक आधारित मूल्यांकन को ग्रेडिंग में परिवर्तित करने के लिए एक फार्मूला निर्धारित करता है, यह निर्णय लिया गया है कि पैनल में शामिल होने/पदोन्नति आदि के लिए संख्यात्मक अंकों को ग्रेडिंग में बदलने के लिए निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा।

(क) 8 और 10 के बीच ग्रेड किए गए पीएआर (PAR) को 'उत्कृष्ट' माना जाएगा और 9 का अंक दिया जाएगा।
(ख) 6 से 8 के बीच और 8 से कम के पीएआर (PAR)को 'बहुत अच्छा' माना जाएगा और 7 का अंक दिया जाएगा
(ग) 4 से 6 के बीच और 6 से कम के पीएआर (PAR) को 'अच्छा' माना जाएगा और 5 का अंक दिया जाएगा।
(घ) 4 से नीचे श्रेणीबद्ध पीएआर (PAR) को शून्य अंक दिया जाएगा।

3. इसके अलावा, यह भी अपेक्षित है कि 1 या 2 की किसी भी ग्रेडिंग (कार्य आउटपुट या विशेषताओं या समग्र ग्रेड के विरुद्ध) को विनिर्दिष्ट विफलताओं के माध्यम से पेन-पिक्चर में पर्याप्त रूप से न्यायोचित ठहराया जाएगा और इसी तरह, 9 या 10 की किसी भी ग्रेड को विशिष्ट उपलब्धियों के माध्यम से न्यायोचित ठहराया जाएगा। कार्य संपादन के लिए 1-2 या 9-10 के ग्रेड दुर्लभ होने की उम्मीद है और इसलिए उन्हें न्यायोचित ठहराने की आवश्यकता है। संख्यात्मक ग्रेड देने में, रिपोर्टिंग और समीक्षा करने वाले अधिकारियों को अपने अधीन कार्यरत अन्य अधिकारियों जो कि सबंधित अधिकारी के समकक्ष हो, के साथ तुलना करते हुए संख्यात्मक ग्रेडिंग प्रदान करनी चाहिए।

4. उपरोक्त प्रावधान रिपोर्टिंग वर्ष 2022-23 से लागू होंगे।

5. संख्यात्मक ग्रेड प्रदान करते समय उपरोक्त दिशानिर्देशों को ध्यान में रखा जाएगा। इसे सूचना एवं अनुपालन हेतु सभी संबंधितों के ध्यान में लाया जाए।

**(एल. एस. नेगी)**
**वरि. उप सचिव**

प्रतिलिपि :-

1. सीएसआईआर के सभी प्रयोगशालाओं/संस्थानों के निदेशक/प्रमुख
2. सीएसआईआर के सभी प्रयोगशालाओं/संस्थानों के वरि0 उप सचिव/वरि0 प्रशासन नियंत्रक/ उप सचिव/प्रशासन नियंत्रक/अवर सचिव/प्रशासनिक अधिकारी

3. कार्यालय, महानिदेशक, सीएसआईआर
4. कार्यालय संयुक्त सचिव(प्रशा0), सीएसआईआर
5. कार्यालय, वित्तीय सलाहकार, सीएसआईआर
6. कार्यालय, मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीएसआईआर
7. विधि सलाहकार, सीएसआईआर
8. वरि0 उप सचिव(के0 का0)/ वरि0 उप सचिव (नीति प्रभाग)
9. आई टी प्रभाग – सीएसआईआर वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
10. कार्यालय प्रति